निर्मला यादव
महापौर

नगर पालिक निगम, भिलाई
जिला-दुर्ग (छ.ग.)
दूरभाष
कार्यालय 0788-2222764
फैक्स 0788-2295055
ई-मेल mayor_bhilai@yahoo.com

अर्द्ध शास. पत्र क्रं दिनांक--------

OFFICE OF UDM
Dy. No. 4093
Date 22/11/11

प्रति,

अध्यक्ष
छ.ग.गृह निर्माण मंडल
रायपुर (छ.ग.)

PS to UDM

विषयः- औधोगिक क्षेत्र भिलाई स्थित गृह निर्माण मंडल के 724 रेन्टल क्वाटरों का निराकरण करने बाबत्।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख्य है,कि श्री एस.पी.थुलकर हाउसिंग बोर्ड कालोनी विकास मंच औधोगिक क्षेत्र भिलाई से अधोहस्ताक्षरकर्ता को एक पत्र प्राप्त हुआ है। जिसमें उल्लेख है,कि उक्त क्वाटरो को छ.ग.गृह निर्माण मंडल द्वारा कंडम घोषित किया गया है। वही सर्वे रिपोर्ट के अनुसार मरम्मत की आवश्यकता है। जिसके लिए निवासियों द्वारा शासन का ध्यान आकर्षित करने पर क्वाटरों की मरम्मत करने का आश्वासन शासन द्वारा दिया गया था, किंतु कोई कार्यवाही नही हुई।

जैसा कि आपको विदित है,, कि इन क्वाटरो मे निम्न आय वर्ग के लोग निवास करते है। इस दृष्टि से अन्य कोई विकल्प नजर नही आता कि अपने जर्जर क्वार्टर को छोड़कर कही और व्यवस्थित हो। इसलिए क्वाटरों की मरम्मत किया जाना नितांत आवश्यक है। जिससे निवासी सुरक्षित महसूस करते हुए लंबे समय से चली आ रही समस्या से निपटारा पा सकें।

आवेदक ने अपने पत्र मे क्वार्टरों के सबंध मे पत्र मे बिंदुवार तथ्यों का उल्लेख किया गया है। जिसकी छायाप्रति आपकी ओर प्रेषित की जा रही है।

पत्र में यह भी उल्लेख है,कि छ.ग.गृह निर्माण मंडल ने हाउसिंग बोर्ड कालोनी विकास मंच से सहमति मांगी थी,,कि छ.ग.गृह निर्माण मंडल 724 क्वाटरो के लिए क्वाटरों को तोडकर उसी कालोनी मे नये क्वाटर बनाकर उचित मूल्य पर आबंटित करेगी इस पर प्रस्ताव से सहमत होकर कुछ मांगे रखी है,जो कि पत्र की छायाप्रति मे बिंदुवार उल्लेखित है।

उपरोक्त सभी दृष्टिकोण को ध्यान मे रखते हुए औधोगिक क्षेत्र भिलाई स्थित छ.ग.गृह निर्माण मंडल के 724 रेंटल क्वाटरों का निराकरण हेतु आवश्यक पहल करेगे तथा आशा है,कि लंबे समय से लंबित समस्या का निराकरण हेतु प्राथमिकता देते हुए अधोहस्ताक्षरकर्ता को भी अवगत करायेगें। आपका ध्यान इस ओर अवश्य देना चाहुंगी कि जहां सरकार गरीबो के लिए आवास सुविधा प्रदान कर रही है,क्यों न पूर्व में बने गरीबो के इन आवासों को मरम्मत कर उनके रहवास मे आ रही अड़चनो को दूर की जाए।

आपको दीवाली एवं नववर्ष की शुभकामनाओ के साथ।

(श्रीमती निर्मला यादव)

पृ.कं/ 45 /2011/भिलाई दिनांक 14/11/2011

प्रतिलिपिः-

1. माननीय श्री कमल नाथ जी, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री,नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ ।

क्र. 2

निर्मला यादव
महापौर

नगर पालिक निगम, भिलाई
जिला-दुर्ग (छ.ग.)
दूरभाष
कार्यालय 0788-2222764
फैक्स 0788-2295055
ई-मेल mayor_bhilai@yahoo.com

अर्द्ध शास. पत्र क्रं दिनांक--------

2. माननीय श्री राजेश मूणत, मंत्री, शहरी विकास,आवास एवं पर्यावरण छ.ग.शासन रायपुर को सादर सूचनार्थ।
3. माननीय श्री सुभाष राव,अध्यक्ष,छ.ग.गृह निर्माण मंडल,रायपुर को सादर सूचनार्थ।
4. . मुख्य अभियंता,,संभागीय कार्यालय छ.ग.गृह निर्माण मंडल,रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. अधीक्षण अभियंता,क्षेत्रीय कार्यालयछ.ग.गृह निर्माण मंडल,पदृमनाभपुर दुर्ग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. श्री एस.पी.थुलकर महासचिव ,2/17,हाउसिंग बोर्ड भिलाई आपके आवेदन के सबंध मे सूचनार्थ।

Nirmala Yadav

(श्रीमती निर्मला यादव)
महापौर